
CG Board Class 8 Social Science Solutions



CG Board Class 8 SST 1 Solutions
Chapter 2
भारत में ईस्ट कंपनी शासन की स्थापना

Page No :15

प्रश्न.क्या तुम बता सकते हो कि सहायक संधि करके अंग्रेजों को क्या सफलता मिली होगी?
उत्तर :- सहायक संधि करके अंग्रेजों को एक बड़े भूभाग पर एकाधिकार मिल गया साथ ही साथ भारतीय शासकों ने अपनी स्वाधीनता को दी|

Page No :17

प्रश्न . बताओ कि परिवहन और संचार सुविधाएं बढ़ने से अंग्रेजों को और क्या लाभ हुआ होगा?
उत्तर :- परिवहन और संचार सुविधाएं बढ़ने से अंग्रेज आंतरिक क्षेत्रों के संसाधनों को बंदरगाहों तक जल्दी पहुंचा सकते थे तथा विद्रोहों का दमन करने के लिए सेना की टुकड़ियों को जल्दी प्रतिस्थापित कर सकते थे

अभ्यास प्रश्न

Page No :17

प्रश्न **1.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

1 यूरोप से भारत पहुँचने के समुद्री मार्ग की खोज वास्कोडिगामा ने की थी
2. यूरोपीय व्यापार से भारत को सोना एवं चाँदी प्राप्त होता था।
3. अंग्रेजों ने मद्रास के सेट फोर्ट जॉर्ज किले में अपना कारखाना स्थापित किया।
4. फ्रांसिस मार्टिन ने कोलकत्ता नगर की स्थापना की ।
5.अंग्रेजों ने प्रारंभ में मद्रास को अपनी राजधानी बनाया।

Page No :18

प्रश्न **2.** उचित संबंध जोड़िये **-**

1. पेरिस की संधि — बक्सर का युद्ध
2. इलाहाबाद की संधि — कर्नाटक युद्ध
3. बेसिन की संधि — मैसूर युद्ध
4. श्रीरंगपट्टनम की संधि — अंग्रेज मराठा युद्ध

उत्तर:
1. पेरिस की संधि - कर्नाटक युद्ध
2. इलाहाबाद की संधि - बक्सर का युद्ध
3. बेसिन की संधि - अंग्रेज मराठा युद्ध
4. श्रीरंगपट्टनम की संधि- मैसूर युद्ध

schools.aglasem.com
aglasem.com

Page No :18

प्रश्न **3.** सही क्रम दीजिए **-**
अंग्रेजी गवर्नरों का भारत आगमन जिस क्रम में हुआ , उसी क्रम में इन नामों को व्यवस्थित करें-
1. वेलेजली 2. कार्नवालिस
3. लार्ड हेस्टिंग्स 4. विलियम बैटिंग
5. डलहौज़ी
उत्तर:
1. कार्नवालिस
2. वेलेजली
3. विलियम बैटिंग
4. लार्ड हेस्टिंग्स
5. डलहौज़ी

Page No :18

प्रश्न **4.** प्रश्ननो के उत्तर दीजिए **-**

1. भारत का प्रथम गवर्नर जनरल कौन था ?
उत्तर: भारत का प्रथम गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स था।

Page No :18

2. हैदरअली कहाँ का शासक था ?
उत्तर: हैदरअली मैसूर का शासक था।

Page No :18

3.अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के बीच कौन सा युद्ध हुआ था ?
उत्तर: अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के बीच कर्नाटक का युद्ध हुआ था।

Page No :18

4.बक्सर युद्ध के बाद अंग्रेजों के इलाके से भू-राजस्व वसूलने का अधिकार किसे प्राप्त हुआ था ?
उत्तर: बक्सर युद्ध के बाद अंग्रेजों के इलाके से भू-राजस्व वसूलने का अधिकार शुजाउद्दौल को प्राप्त हुआ।

Page No :18

5. प्लासी युद्ध से अंग्रेजों को क्या लाभ हुआ ?
उत्तर: प्लासी युद्ध के बाद अंग्रेजों ने मीर जाफर को बंगाल का नवाब बनाकर उससे बहुत धन तथा व्यापारिक सुविधा प्राप्त की ।

schools.aglasem.com
aglasem.com

Page No :18

6.द्वैध शासन को समझाइए।
उत्तर: द्वैध शासन में राजस्व वसूली तथा व्यापारिक गतिविधियां चलाने का अधिकार अंग्रेजों का था उनकी सेना के रख - रखाव व सुरक्षा की जिम्मेदारी नवाबों व राजाओं पर थी। अंग्रेजों की प्रशासनिक जिम्मेदारी से मुक्ति। नवाब व राजा सिर्फ कठपुतली होते थे।

Page No :18

7.वेलेजली की सहायक संधि की शर्तों को बताइए ?
उत्तर: वेलेजली, द्वारा सहायक संधि को हम ब्रिटिश साम्राज्य की विस्तारवादी नीति कह सकते हैं जिससे विजित क्षेत्र या पराजित नवाबों व राजाओं को अंग्रेजी सेना रखनी पड़ती थी तथा उसका खर्च वहन करना पड़ता था। अपने राज्य में एक अंग्रेजी अफसर रखना पड़ता था जो शासन कार्यों में हस्तक्षेप करता था तथा किसी राज्य या नीति निर्माण या संधि के लिए अंग्रेजी से सहमति परामर्श करना आवश्यक था। तथा अंग्रेज कंपनी को एक वार्षिक लगान देना पड़ता था।

Page No :18

8.डलहौजी की हड़प नीति पर प्रकाश डालिए ?
उत्तर: डलहौजी की हड़प नीति देशी रियासतों के लिए अन्यायपूर्ण नीति थी। जिसके द्वारा नि:संतान राजाओ के राज्य को अंग्रेजी राज्य में बलपूर्वक मिलाना था। उनके दत्तक पुत्रों को मान्यता नहीं देता था। राजाओ पर अच्छी तरह से शासन कर पाने का आरोप लगाकर उन पर हमला कर उनके राज्य को अंग्रेजी राज्य में शामिल कर लेता था तथा युद्ध द्वार सभी छोटी-छोटी रियासतों पर अधिकार कर लिया गया।

Page No :18

9.बैटिंग के प्रशासनिक सुधारों को लिखिए ?
उत्तर: लार्ड बैटिंग के आगमन तक अंग्रेजों का अधिकार लगभग संपूर्ण भारत में हो चुका था। लगातार युद्ध के कारण कंपनी की आर्थिक स्थिति डवांडोल हो चुकी थी। इसलिए वेटिंग ने आते ही सर्वप्रथम इस और ध्यान दिया। उसने बिना जरुरत के युद्ध न हो की नीति अपनाई और विरोध को शांत रखने के लिए उच्च पद पर भारतीयों की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया तथा भूमि के मापन तथा उसके राजस्व में भी सुधार किया जिसे बंदोबस्त भी कहते है। वेंटिंग द्वारा उस समय की सामाजिक कुरीतियों पर भी ध्यान दिया गया जैसे बालविवाह, सतीप्रथा, नरबली प्रथा, आदि के विरुद्ध कानून बनाए गये तथा राजमार्ग का निर्माण कार्य तथा अफगानी अमीर को एक संधि के लिए बाध्य किया जिससे इंग्लैंड के शत्रु, रूस को भारत में घुसने से रोका जा सके।

Page No :18

10. अगर प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला जीत जाता तो क्या होता ?
उत्तर: प्लासी का युद्ध अंग्रेजो के लिए बहुत महत्वपूर्ण युद्ध था। यदि अंग्रेज यह युद्ध हार जाते तो अंग्रेजों का भारत में शासन का सपना जल्दी नहीं पूरा हो पाता। क्योंकी इस युद्ध से उन्हें बहुत ही धन प्राप्त हुआ तथा उत्तर भारत में प्रविष्ट होने का रास्ता प्राप्त हुआ।

schools.aglasem.com
aglasem.com

11. यदि यूरोपीय देशों के उपनिवेश नहीं होते तो उन देशों को आर्थिक स्थिति पर नया प्रभाव पढ़ता?
उत्तर: यूरोपीय देशों के उपनिवेश नहीं होते तो यूरोपीय देश आज विकसित देशों की श्रेणी में नहीं होते। इन्होने औपनिवेशिक देशों को लूटा तथा वहाँ की सम्पदा को अपने देश ले गए तथा वहां के लोगों का शोषण कर धन अर्जित किया तथा उपनिवेशिक देशों के रोजगार को बर्बाद कर अपने रोजगार को बढ़ाया तथा उपनिवेशों को बाजार के रूप में इस्तेमाल किया। हर तरह से उपनिवेशों का दोहन व शोषण कर अपने देश को आर्थिक सम्पन्न बनाया।

क्रियाकलाप — ब्रिटिश गवर्नर जनरल द्वारा किये गए विभिन्न प्रशासनिक सुधारों को उनकी तिथियों के अनुसार क्रम से लिखिए ।
उत्तर : वारेन हेस्टिंग्स -1773ई० में ब्रिटिश संसद ने भारत में रेग्युलेटिंग एक्ट पारित किया, जिसका उद्देश्य कंपनी पर ब्रिटिश संसद के नियंत्रण को बढ़ाना था, साथ ही भारत में तीनों प्रेसिडेंसियों में समन्वय स्थापित करना था|
कॉर्नवालिस - उन्होंने पुलिस व्यवस्था को सुदृण किया । जिलों को छोटे क्षेत्रों में भी विभाजित किया और इनमें से प्रत्येक क्षेत्र को जिले में कंपनी के प्रतिनिधि की देखरेख में एक दरोगा या अधीक्षक के अधीन रखा गया।
वेलेजली - सहायक संधि के माध्यम से साम्राज्य विस्तार किया |
विलियम बैंटिंग - निरंतर युद्ध में रहने से कंपनी की आर्थिक स्थिति को सुधारा, उच्च पदों पर भारतीय अधिकारियों की नियुक्ति की, राजस्व वसूली के लिए स्थायी बंदोबस्त को अपनाया |
लार्ड डलहौजी - प्रशासनिक सुधार में डाक तार की स्थापना,कमिशनरी करना परिवहन एवं संचार साधन के क्षेत्र में सुधार करना, शिक्षा आयोग का गठन प्रमुख है |

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com